हरिभूमि
रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 36 .6 डिग्री
न्यूनतम 22 .5 डिग्री

13 आईजीयू प्रबंधन विभाग के 48 विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिए मैकलोडगंज व धर्मशाला हुए रवाना



14 अवैध मैरिज पैलेस पर चला डीटीपी का पीला पंजा, ढाई एकड़ का निर्माण किया जमींदोज



खबर संक्षेप

सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस ने सड़क हादसे के दर्ज मामले एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सड़क हादसे के बाद गत 16 अगस्त को केस दर्ज किया था। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के पाटन निवासी अमीलाल को गिरफ्तार कर लिया। उसकी गाड़ी को भी पुलिस ने कब्जे में लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

दहेज उत्पीड़न के मामले में एक गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने बाद पुलिस ने गत 14 सितंबर को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने यूपी के गाजियाबाद निवासी आदर्श शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

मारपीट मामले में तीन महिलाएं गिरफ्तार

कुंड। थाना खोल पुलिस ने नांगल जमालपुर में अगस्त माह में हुए झगड़े के बाद दर्ज मामले में तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर गत 30 अगस्त को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में नांगल जमालपुर निवासी प्रमिला, राजबाला और मंजू को गिरफ्तार कर लिया। तीनों पर मारपीट करने और धमकी देने के आरोप हैं। बाद में उन्हें पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

मारपीट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। सिटी पुलिस ने मारपीट करने और धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित ने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में आदर्श नगर निवासी मनीष को गिरफ्तार कर लिया। मामले के तीन आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

अदालत से घोषित पीओ चढ़ा पुलिस के हत्थे

रेवाड़ी। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने चेक बाउंस के मामलों में कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। चेक बाउंस के मामले में दिल्ली के शिवम पार्क नांगलोई निवासी विनय कुमार लगातार कोर्ट से गैर हाजिर चल रहा था। बार-बार सम्मन जारी करने के बाद भी वह कोर्ट में पेश नहीं हुआ तो उसे पीओ घोषित कर दिया गया था। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया।

क्षेत्र के गांव में बहन के घर आई युवती लापता

कोसली। क्षेत्र के गांव में अपनी बहन के घर आई एक युवती बिना किसी को कुछ बताए लापता हो गई। युवती के जीजा ने नाहड़ पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि उनकी साली मंगलवार को उनके घर आई थी। बुधवार शाम उनकी पत्नी ने उसे कुछ सामान लाने के लिए गांव में स्थित एक दुकान पर भेजा था, लेकिन वह वापस नहीं आई। उन्होंने अपने परिवार व रिश्तेदारी में पूछताछ की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया।

अनाजमंडी में अब तक 55 हजार क्विंटल बाजरे की हो चुकी आवक

अनाजमंडी में पहले दिन नहीं हो पाई बाजरे की सरकारी खरीद

साफ-सुथरा व सफेद बाजरा ही परचेज करेगी एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/कोसली

वीरवार को जिले की रेवाड़ी, बावल व कोसली अनाजमंडियों में बाजरे की एमएसपी पर सरकारी खरीद नहीं शुरू हो पाई। पहले दिन गेटपास कटवाने के लिए किसानों की संख्या भी कम रही। हैफेड और हरियाणा स्टेट वेयरहाउस कॉरपोरेशन की ओर से बाजरे की खरीद की जाएगी। सरकार की ओर से इस बार 2900 रुपये समर्थन मूल्य पर बाजरा खरीदा जाएगी, जिसमें बाजरा खरीद के लिए 2300 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य तय किया है, जबकि 600 रुपये किसानों को भावांतर के रूप में खाते में डाले जाएंगे। हैफेड की ओर से रेवाड़ी व कोसली अनाजमंडी, जबकि वेयरहाउस की ओर से बावल व जाटूसाना मंडी में बाजरे की सरकारी खरीद की जाएगी। अनाजमंडी में अब तक करीब 22 हजार क्विंटल बाजरे की आवक हो चुकी है। बाजरे का खुले में भाव 2000 से 2300 रुपये प्रति क्विंटल चल रहा है।

किसानों को 2300 रुपये प्रति क्विंटल तथा 600 रुपये मिलेगा भावांतर



रेवाड़ी। अनाजमंडी में बाजरे की प्राइवेट खरीद करते व्यापारी व मौजूद हैफेड अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

सीएससी सेंटर के स्टाफ को सौंपी जिम्मेदारी

जिन किसानों ने मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर अपनी बाजरे की फसल का पंजीकरण कराया है, वे किसान ई-खरीद पोर्टल के माध्यम से फसल की बिक्री कर सकेंगे। इस बार भी किसानों के ट्रैक्टर-ट्रॉली की जियो फेंसिंग होगी। साथ ही वीडियो भी अपलोड होगी। जियो फेंसिंग के बाद मेरी फसल पोर्टल पर भी उपज का सत्यापन होगा। फिर किसान का बायोमीट्रिक मशीन पर अंगूठा लगेगा। उसके बाद ही ट्रैक्टर-ट्रॉली को मंडी में प्रवेश मिल सकेगा। नई अनाज मंडी में बॉयोमीट्रिक मशीनें लगाई गई है, जिनके संचालन की जिम्मेदारी सीएससी सेंटर के स्टाफ को सौंपी गई है।





रेवाड़ी। अनाजमंडी के गेट पर गेटपास कटवाते किसान। फोटो : हरिभूमि

56 हजार किसानों का पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन

हैफेड के मैनेजर मनोज कुमार ने बताया कि सरकार की ओर से साफ-सुथरा व सफेद बाजरा ही खरीदा जाएगा। बाजरे की खरीद के लिए किसानों को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी है। मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत किसान ही बाजरे की बिक्री कर सकेंगे। किसानों को ई-खरीद पोर्टल से ही गेटपास लेना होगा, जिन किसानों का जे-फॉर्म कटेगा, उनको ही भावांतर योजना का लाभ दिया जाएगा। इस वर्ष 75 से 80 हजार हेक्टेयर में बाजरा बोया गया था। गत वर्ष 2025 में रेवाड़ी और कोसली मंडी में 1039303 क्विंटल बाजरे की आवक हुई थी, जिसमें रेवाड़ी मंडी में 649651 क्विंटल तथा कोसली मंडी में 389652 क्विंटल बाजरे की खरीद हुई थी। जिले में इस वर्ष करीब 56 हजार किसानों ने 1 लाख 87 हजार एकड़ भूमि पर बाजरे की फसल का मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया है।

फेयर एवरेज क्वालिटी का बाजरा खरीदा जाएगा

अनाजमंडी में अभी बाजरे की सरकारी खरीद में तीन-चार दिन का समय लग सकता है। अभी मंडी में काला व निम्न क्वालिटी का बाजरा आ रहा है। सरकार के निर्देशानुसार हैफेड साफ-सुथरा व सफेद बाजरा ही परचेज करेगी। बाजरा फेयर एवरेज क्वालिटी का होना चाहिए तथा किसानों को भावांतर योजना का लाभ लेने के लिए जे-फार्म कटवाना जरूरी है।
-मनोज कुमार, मैनेजर हैफेड।

अपहरण की सूचना ने पुलिस को छकाया मामला झूठा मिलने पर ली राहत की सांस

- पुलिस ने चारों ओर नाकेबंदी करते हुए गाड़ी का पता लगाने के प्रयास शुरू किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वीरवार सुबह पुलिस विभाग में उस समय हड़कंप मच गया, जब कंट्रोल रूम को नांगल मूंदी के पास से स्कॉर्पियो गाड़ी में एक युवक का अपहरण किए जाने की सूचना मिली। पुलिस ने चारों ओर नाकेबंदी करते हुए गाड़ी का पता लगाने के प्रयास शुरू किए। बाद में अपहरण की सूचना झूठी पाई गई, तो पुलिस ने राहत की सांस ली।

पुलिस को सूचना मिली थी कि नांगल मूंदी के पास से एक स्कॉर्पियो गाड़ी में कुछ लोग जबरन एक युवक को बैठाकर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने चारों ओर नाकेबंदी करते हुए स्कॉर्पियो गाड़ी का पता लगाने के प्रयास कर दिए। नांगल मूंदी से शहर की ओर से वाले रास्तों पर भी वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी गई। सूचना के बाद डहीना पुलिस चौकी भी नांगल मूंदी पहुंच गई। पूछताछ के दौरान मामला कुछ अलग मिलने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।



रेवाड़ी। सूचना के बाद बाइपास पर आने वाले वाहनों की जांच करते हुए पुलिसकर्मी।

शराब के नशे में निकला श्रमिक

डहीना चौकी इंचार्ज विक्रम सिंह ने बताया कि देहलावास में एक किसान ने अपने खेत में काम करने के लिए बाहर से लेबर बुलाई हुई है। इसी लेबर में शामिल एक युवक शराब के नशे में टैक्टर लेकर खेत से भाग निकला। किसान ने उसे रास्ते में ही रोक लिया। इसी दौरान उनमें विवाद हुआ, तो किसी ने अपहरण की झूठी सूचना दे दी।

पूर्व वायु सैनिक 10 को मनाएंगे वायुसेना दिवस

रेवाड़ी। पूर्व वायु सैनिकों की ओर से परिवार सहित धूमधाम के साथ वायुसेना दिवस समारोह आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम गणपति गार्डन कोनसीवास रोड पर आयोजित किया जाएगा। 8 अक्टूबर को वायुसेना दिवस मनाया जाता हैं, लेकिन कार्यदिवस होने के कारण कार्यक्रम का आयोजन 10 अक्टूबर को किया जा रहा है ताकि विभिन स्थानों पर कार्यरत पूर्व वायु सैनिक परिवार के साथ शामिल हो सकें। कार्यक्रम सुबह 9 बजे हवन से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में बच्चों एवं महिलाओं के खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर वीरवार को आयोजन समिति की एक बैठक आयोजित कर सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में सुबेसिंह, ईश्वर,राजबीर सिंह, अजीत सिंह, विजय सिंह, कोच आरपी सिंह व हंसराज मौजूद थे।

कोर्ट में पेश करने के बाद पांच दिन के रिमांड पर लिया

करोड़ों रुपये के माल सहित ट्रक गायब करने के मामले में एक काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बीते सितंबर माह में बावल आईएमटी की एक कंपनी का लगभग 3.86 करोड़ रुपये के माल से भरा ट्रक गायब करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद पांच दिन के रिमांड पर लिया गया है। बावल की मेटाडेक्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर राहुल अरोड़ा ने पुलिस शिकायत में बताया था की गत 16 सितंबर की रात उनकी कंपनी से 24.780 क्विंटल कॉपर इनगॉट लेकर एक ट्रक तमिलनाडू के लिए रवाना हुआ था। तांबे की 121 सिल्लियों की कीमत लगभग 3. 86 करोड़ रुपये थी। जब माल निर्धारित समय पर तमिलनाडू नहीं पहुंचा, तो कंपनी प्रबंधन ने ट्रांसपोर्टर से लेकर ट्रक मालिक और चालक तक से संपर्क किया। शुरूआत में किसी ने भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया। बाद में यह लोग प्रबंधन को माल चोरी होने की बात कहकर गुमराह करते रहे।



पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी

कसोला थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की थी। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआईए व कसोला थाने की संयुक्त टीम को जांच में लगाया था। जांच के दौरान पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए पूर्व में गत 26 सितम्बर को मध्य प्रदेश के जिला ग्वालियर के थाना मोहना क्षेत्र से खाली ट्रक को लावारिस हालत में बरामद कर लिया था। पुलिस टीमों ने तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचनाओं के आधार पर जाल बिछाकर बुधवार को इस पूरी साजिश में शामिल एक आरोपी मोहम्मद कैफ निवासी गांव गंगवानी जिला नूंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गायब किए गए करोड़ों रुपये के माल की बरामद करने के प्रयास किए जाएंगे। पुलिस मामले के अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

गुटखा-पान मसाला फैक्ट्री में दूसरे दिन भी रेड आबकारी विभाग की टीम ने जीएसटी रिकॉर्ड जांच



रेवाड़ी। गत बुधवार को रामगढ़ रोड पर हुई गुटखा-पान मसाला बनाने वाली फैक्ट्री पर लगातार दूसरे दिन रेड की गई। इस बार एक्साइज डिपार्टमेंट की टीम ने रेड करते हुए फैक्ट्री का रिकार्ड कब्जे में लिया गया है। जीएसटी चोरी की आशंका को देखते हुए देर सायं रेड को अंजाम दिया गया। समाचार लिखे जाने तक आबकारी विभाग की टीम मौके पर जांच में जुटी हुई थी। सीएम फ्लाइंग ने एक आबकारी निरीक्षक के पति की फैक्ट्री पर रेड की थी। फैक्ट्री चलाने का लाइसेंस मई माह में ही खत्म हो गया था। सीएम फ्लाइंग ने अनाधिकृत निर्माण को देखते हुए डीटीपी की टीम को भी मौके पर बुलाया था। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के हवाले लगभग 7 क्विंटल कच्चा व तैयार माल किया गया था। बिजली निगम व प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की टीमों को भी मौके पर बुलाया गया था। वीरवार सायं आबकारी विभाग के अधिकारी दीपक चौधरी के नेतृत्व में फैक्ट्री पर छापा मारकर बिक्री का रिकॉर्ड कब्जे में लिया गया। देर शाम तक टीम जांच में लगी हुई थी। जांच की अनुमति रोहतक रेंज के आयुक्त की ओर से दी गई थी।

यूपीआई से ठगी करने के मामले में दो आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने जुलाई माह में यूपीआई के जरिए 84 हजार रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। पुलिस शिकायत में खासापुरा निवासी सत्यनारायण ने बताया था कि उसका बैंक ऑफ बड़ौदा की सरकुलर रोड शाखा में खाता है। गत 17 जुलाई की शाम उसके मोबाइल पर यूपीआई लिंकिंग और एक्टिवेशन से संबंधित कई संदिग्ध संदेश प्राप्त हुए थे। उसने उस समय न तो कोई यूपीआई प्रक्रिया शुरू की थी और न ही कोई भुगतान किया था। उसने किसी व्यक्ति के साथ ओटीपी, यूपीआई पिन, एटीएम अथवा डेबिट कार्ड संबंधी गोपनीय जानकारी भी साझा नहीं की थी। इसके बावजूद उसके बैंक खाते से 86 हजार रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर हो गए। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी।

विवेक के खाते में गई थी राशि



जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में दिल्ली के कृष्णा कॉलोनी द्वारका निवासी विवेक राहड़ और गुरूग्राम के कोलगेड वाली गली पालम विहार में रह रहे मूल रूप से दिल्ली के गोपाल नगर नजफगढ़ निवासी दीपक सांगवान को गिरफ्तार कर लिया। विवेक के बैंक खाते में 84 हजार रुपये ट्रांसफर हुए थे, जबकि दीपक ने यह राशि दूसरे खाते में ट्रांसफर की थी।

यात्रियों के लिए दो दिन दिल्ली-रींगस अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा का संचालन

रेवाड़ी। रेलवे की ओर से अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए वीरवार को दिल्ली-रींगस-दिल्ली अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा का संचालन शुरू किया गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि गाड़ी संख्या 04415 दिल्ली-रींगस अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा का वीरवार को संचालन शुरू किया गया। ये रेलसेवा 2 अक्टूबर को दिल्ली से शाम 6:50 बजे रवाना होकर रात्रि 12:40 बजे रींगस पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04416 रींगस-दिल्ली अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा 2 से 3 अक्टूबर तक रींगस से मध्यरात्रि 2 बजे रवाना होकर सुबह 7 बजे दिल्ली पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में दिल्ली-सराय रोहिल्ला, दिल्ली कैंट, गुरुग्राम, पाटौदी रोड, रेवाड़ी, नारनौल व नीमकाथाना स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 12 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित 14 डिब्बे होंगे।

मौसम | मौसमजनित रोगों की आशंका बढ़ी, बुखार-जुकाम का प्रकोप हुआ शुरू

मौसम में आने लगा बदलाव, एक सप्ताह बाद चढ़ा दिन का पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अक्टूबर की शुरूआत के साथ मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। सुबह के समय जहां हल्की ठंडक महसूस होने लगी है, वहीं दोपहर में तेज धूप के कारण गर्मी का अहसास हो रहा है। सुबह और दिन के तापमान में अंतर बढ़ने से मौसमजनित बीमारियों ने भी दस्तक देनी शुरू कर दी है। सर्दी-जुकाम, खांसी, गले में खराश, वायरल बुखार और एलर्जी जैसे लक्षणों के साथ मरीज अस्पतालों और निजी क्लीनिकों में पहुंच रहे हैं। लगभग एक सप्ताह बाद दिन का पारा 36 डिग्री के पार पहुंच गया है। वीरवार को सुबह के समय आसमान आसमान साफ रहा। तेज धूप निकलने के कारण अधिकतम तापमान 1.1 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 36.6 डिग्री पर पहुंच गया। एक सप्ताह बाद दिन का तापमान इस स्तर पर आया है। रात का तापमान भी 0.7 डिग्री की वृद्धि के साथ 22.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी 51 प्रतिशत रही। दोपहर बाद आंशिक बादल छाए, जो शाम तक साफ हो गए। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक सप्ताह तक बारिश की कोई संभावना नहीं है। इस दौरान दिन का तापमान और बढ़ सकता है। दिन के समय लोगों को एक बार फिर गर्मी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि सुबह के समय मौसम ठंडा बना रहता है। बदलते मौसम में सबसे बड़ी चुनौती शरीर को तापमान के उतार-चढ़ाव के अनुरूप ढालना है। सुबह ठंड के के बाद दिन में गर्मी बढ़ने पर लोग अचानक ठंडे वातावरण में चले जाते हैं। मौसम परिवर्तन के दौरान धूल और प्रदूषण भी सांस संबंधी परेशानियां बढ़ा सकते हैं। बच्चों और बुजुर्गों को इस दौरान विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।



रेवाड़ी। नागरिक अस्पताल में लगी लोगों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

सर्दी-जुकाम व वायरल का खतरा

मौसम बदलने पर छींक आना, नाक बहना या बंद होना, गले में खराश और हल्की खांसी सामान्य लक्षण हो सकते हैं। कुछ लोगों में इसके साथ बुखार, सिरदर्द, शरीर में दर्द और कमजोरी भी महसूस हो सकती है। वहीं धूल और बदलते तापमान के कारण एलर्जी से पीड़ित लोगों को बार-बार छींक आने, आंखों में पानी और सांस संबंधी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करें

विशेषज्ञों के अनुसार हल्के लक्षण होने पर पर्याप्त आराम, पानी और संतुलित भोजन पर ध्यान देना चाहिए। लेकिन लगातार या तेज बुखार, सांस लेने में परेशानी, अत्यधिक कमजोरी या कई दिनों तक खांसी-जुकाम बने रहने पर चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी है। बच्चों और बुजुर्गों में लक्षण बढ़ने पर विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए।

इस तरह से बरतें सावधानी

- सुबह और शाम तापमान के अनुसार कपड़े पहनें।
- पर्याप्त मात्रा में पानी और गर्म तरल पदार्थ लेते रहें।
- ताजा एवं पौष्टिक भोजन का सेवन करें।
- धूल और धुएं से बचने का प्रयास करें।
- खांसते और छींकते समय मुंह-नाक ढकें।
- हाथों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।
- बीमार व्यक्ति के संपर्क में आने से बचें।
- चिकित्सक की सलाह के बिना दवाएं न लें।

गौरव / रजनी अरोड़ा

बच्चो, हमारे देश को आजाद कराने में महात्मा गांधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गांधी जी के विचार और उनके संदेशों ने सिर्फ भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लोगों को प्रभावित किया। यही वजह है कि अपने देश के अलावा दुनिया के कई देशों में भी महात्मा गांधी की भव्य प्रतिमाएं स्थापित हैं। दुनिया भर में मौजूद महात्मा गांधी की कुछ प्रतिमाओं के बारे में जानो।

दुनिया के कई देशों में हैं महात्मा गांधी की प्रतिमाएं



लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर स्थित प्रतिमा

बच्चो, महात्मा गांधी भारत के स्वतंत्रता संग्राम के नायक होने के साथ ही, पूरी मानवता और संपूर्ण विश्व के लिए प्रेरणा स्रोत भी रहे हैं। अहिंसा, सत्याग्रह और शांतिपूर्ण प्रतिरोध के उनके विचार पूरी दुनिया में आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवनकाल में थे। कई देशों में स्थापित गांधी जी की प्रतिमाएं इस बात का प्रमाण हैं।

यूनाइटेड किंगडम: हमारे देश में लगभग 200 साल तक शासन करने वाले ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ गांधी जी ने जीवन भर संघर्ष किया था। उसी देश की राजधानी लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर 2015 में उनकी कांस्य प्रतिमा स्थापित की गई है। इसकी स्थापना गांधी जी के दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटकर स्वतंत्रता संग्राम शुरू करने की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर की गई थी। लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर पर भी गांधी जी की प्रतिमा है, जहां उन्होंने कानून की पढ़ाई की थी। ये प्रतिमाएं भारत पर शासन करने वाले ब्रिटिश साम्राज्य पर गांधी जी के प्रभाव को दर्शाने के साथ, ब्रिटेन-भारत के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक भी हैं।

दक्षिण अफ्रीका: दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी को उनके शुरुआती सामाजिक और राजनीतिक संघर्ष के लिए भी जाना जाता है। 1893 में जब गांधी जी प्रिटोरिया की यात्रा कर रहे थे, तब उन्हें पीटरमैरित्जबर्ग स्टेशन पर प्रथम श्रेणी के डिब्बे से नस्लीय भेदभाव के कारण बाहर निकाल दिया गया था। यह घटना उनके जीवन का एक निर्णायक मोड़ साबित हुई और यहीं से उन्होंने रंगभेद तथा अन्याय के विरुद्ध अहिंसक संघर्ष का मार्ग अपनाया। इसी ऐतिहासिक महत्व के कारण पीटरमैरित्जबर्ग की चर्च स्ट्रीट पर गांधी जी की एक प्रतिमा स्थापित है। इसके अलावा जोहांसबर्ग में भी उनकी एक प्रतिमा है, जो 24 वर्ष की आयु में दक्षिण अफ्रीका पहुंचकर उत्पीड़ित और वंचित समुदायों के अधिकारों के लिए लड़ने वाले युवा गांधी को श्रद्धांजलि देती है। गांधी जी की ये प्रतिमाएं भारत-दक्षिण अफ्रीका के ऐतिहासिक संबंधों की याद दिलाती हैं। साथ ही नेल्सन मंडेला जैसे नेताओं पर गांधी के प्रभाव को भी रेखांकित करती हैं, जिन्होंने रंगभेद के खिलाफ लड़ाई के लिए गांधी जी के अहिंसक प्रतिरोध से प्रेरणा ली थी।



पीटरमैरित्जबर्ग चर्च स्ट्रीट में

संयुक्त राज्य अमेरिका: महात्मा गांधी कभी अमेरिका नहीं गए। लेकिन उस समय के अमेरिकी नागरिकों और मार्टिन लूथर किंग जूनियर जैसे नेताओं पर गांधी जी के विचारों का प्रभाव था। भारत के बाद गांधी जी की सबसे अधिक प्रतिमाएं और स्मारक अमेरिका में ही हैं। न्यूयॉर्क के यूनियन स्क्वायर पार्क, सैन फ्रांसिस्को के एंबार्कडेरो क्षेत्र, वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास के सामने, अटलांटा, मोंटाना, ह्यूस्टन जैसी कई जगहों पर उनकी प्रतिमाएं स्थापित हैं। ये मूर्तियां गांधी जी के सत्याग्रह और शांतिपूर्ण अहिंसक प्रतिरोध के दर्शन को वैश्विक प्रतीक के रूप में दर्शाती हैं।



वाशिंगटन डीसी में

जापान: परमाणु हमले का दंश झेल चुके जापान के हिरोशिमा शहर में महात्मा गांधी की प्रतिमा 2023 में स्थापित की गई। मोतायासु नदी के किनारे स्थित यह प्रतिमा, दुनिया को शांति और अहिंसा का संदेश देती है। यहां एडोगावा और सुगिनामी वार्ड में भी गांधी जी की प्रतिमाएं हैं। ये प्रतिमाएं भारत-जापान के बीच दोस्ती और सद्भावना का प्रतीक हैं।

अन्य देशों में भी हैं प्रतिमाएं: स्विट्जरलैंड के जिनेवा में गांधी जी की प्रतिमा शांति के प्रतीक के रूप में खड़ी है। ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में ग्लीबे पार्क में गांधी जी की कांस्य प्रतिमा उनके मार्गदर्शक सिद्धांतों को दर्शाती है। इसी तरह कनाडा के टोरंटो शहर के पीस पार्क, स्पेन के मैड्रिड, अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स, रूस के मॉस्को, मॉरीशस के मोका शहर में स्थित महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी के पास पैरामाटा के जुबली पार्क, दक्षिण कोरिया के सियोल स्थित योनसे विश्वविद्यालय में भी गांधी जी की प्रतिमा स्थापित की गई है। संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में भारतीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक केंद्र में 2018 में एक प्रतिमा स्थापित की गई जो युवा पीढ़ी को गांधी जी के मूल्यों से सीख लेने के लिए प्रेरित करती है। *



कैनबरा का ग्लीबे पार्क में

कई अर्ध-प्रतिमाएं भी हैं स्थापित

विभिन्न देशों में गांधी जी की अर्ध-प्रतिमाएं (छाती से ऊपर) भी स्थापित हैं। ये अर्ध-प्रतिमाएं अधिकतर दूतावास परिसर, विश्वविद्यालय कैंपस, संग्रहालय या अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के भीतर सार्वजनिक स्थानों में स्थापित की गई हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानो-



- लंदन में अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) के लंदन मुख्यालय में गांधी जी की 150वीं जयंती के अवसर पर एक अर्ध-प्रतिमा स्थापित की गई है।
- दक्षिण अफ्रीका के पीटरमैरित्जबर्ग रेलवे स्टेशन में (जहां से गांधी जी को ट्रेन के प्रथम श्रेणी के कोच से उतारा गया था) गांधीजी की दोतरफा अर्ध-प्रतिमा स्थापित की गई हैं।
- कनाडा के मैनिटोबा शहर के कैनेडियन म्यूजियम फॉर ह्यूमन राइट्स और क्यूबेक सिटी की पार्लियामेंट के सामने।
- नीदरलैंड्स, द हेग के हॉब्बेमाप्लाइन में।
- साइप्रस में संसद भवन के पास भी ऐसी प्रतिमा है।
- न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के नॉर्थ लॉन में।
- बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में भी ऐसी प्रतिमा है।

आओ याद करें महात्मा गांधी के साथ लाल बहादुर शास्त्री को भी



ज्ञानवार्ता

वसीम अहमद नगरामी

कल विद्यालय में गांधी-शास्त्री जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर के लिए विद्यालय की ओर से सभी बच्चों को कुछ-न-कुछ बोलने-सुनाने के लिए कहा गया था। इसलिए अनहद और अंकिता समारोह की तैयारियों में व्यस्त थे। लेकिन वे सोच नहीं पा रहे थे, आखिर तैयारी किस ढंग से की जाए, आइडिया कहां से लिया जाए? थोड़ा सोचने के बाद उनके दिमाग में आया कि सबसे अच्छी जानकारी तो दादी जी से ही मिल सकती है। अनहद और अंकिता तुरंत दादी के कमरे में जा पहुंचे।



अनहद ने बताया, 'दादी, कल गांधी जयंती है। हमारे स्कूल में कल इसे धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर के जाने-माने लोग भी आएंगे। ऐसे में हम लोगों को कुछ ना कुछ बोलने के लिए अच्छी तैयारी करके आने को कहा गया है, लेकिन दादी हम लोग कैसी तैयारी करके जाएं, कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है।' दादी मुस्कुरा कर बोलीं, 'बस इतनी सी बात है, आओ बैठो मैं बताती हूं। तुम दोनों गौर से मेरी बातें सुनो। इस जानकारी के आधार पर चाहे निबंध, चाहे कविता रच लेना, कोई भाषण या फिर कोई और प्रेरक कथा लिख लेना।' दादी की यह बात सुनकर अनहद और अंकिता की खुशी का ठिकाना न रहा। दोनों दादी के समीप बैठ गए। उन्होंने महात्मा गांधी के बाल्यकाल से लेकर बैरिस्ट्री की पढ़ाई तक जानकारी दी। भारत की आजादी के लिए किए गए उनके संघर्षों की जानकारी दी। इससे जुड़ी प्रेरक कथाएं बताईं। जिसे सुनकर अनहद और अंकिता बहुत भाव-विह्वल हुए। दादी का गला दास्तान सुनाते-सुनाते कई बार भर्रा गया था। उन्होंने यह भी बताया, 'महात्मा गांधी की तरह ही, इसी दिन एक और महापुरुष लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती मनाई जाती है। शास्त्री जी में देशभक्ति कूट-कूट कर भरी थी। वे त्याग की प्रतिमूर्ति थे। उनमें स्वाभिमान, समर्पण, सादगी, ईमानदारी के गुण थे। बहुत छोटी उम्र में उन्हें ही देश की चिंता सताने लगी थी। शीघ्र ही वे नरम दल के प्रभाव में आए और गांधी जी से प्रेरित होकर उनके अनुयायी हो गए। जब वे देश के दूसरे प्रधानमंत्री बने तब भी उन्होंने ईमानदारी, सच्चाई और सादगी का दामन नहीं छोड़ा। प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए भी उन्होंने कभी अपने परिवार को यह आभास नहीं होने दिया कि वे एक साधारण इंसान से ऊपर हैं। जहां गांधी जी ने करो या मरो का नारा दिया, वहीं लाल बहादुर शास्त्री जी ने 'जय जवान जय किसान' का नारा बुलंद कर देश के किसानों और जवानों दोनों का हौंसला बढ़ाया। देश में अकाल के समय में जहां अन्न की कमी नहीं होने दी, वहीं पाकिस्तान के साथ युद्ध के समय जवानों में जोश भर कर देश की सीमाओं की सुरक्षा को भी चाक-चौबंद बनाए रखा।' दादी द्वारा दी गई जानकारी को खूब अच्छे से सुनकर अनहद ने जहां एक ओजपूर्ण भाषण तैयार किया, वहीं अंकिता ने एक नन्ही-सी कविता रची। अगले दिन सुबह दोनों विद्यालय पहुंचे। विद्यालय में आयोजित गांधी जयंती समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। दोनों ने विद्यालय में आयोजित गांधी जयंती समारोह में हिस्सा लिया। अनहद को उसके ओजस्वी भाषण के लिए जहां प्रथम पुरस्कार मिला, वहीं अंकिता को उसकी गांधी-शास्त्री जयंती पर आधारित कविता के लिए भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अनहद और अंकिता के दादा-दादी भी दर्शक-दीर्घा में मौजूद थे। *

तुम्हारे लिए नई किताब / डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

मजेदार कल्पनाओं भरे गीत

बच्चो, डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री के 25 शिशु गीतों की नई किताब प्रकाशित हुई है। 'नन्हे-मुन्ने गीत हमारे' शीर्षक से प्रकाशित इस शिशु गीत संग्रह को रचनाकार ने अपने गुरुदेव बाल साहित्यकार संत कुमार बाजपेई को समर्पित किया है।



संग्रह की भोली और नटखट कविताओं को पढ़कर तुम्हें खूब मजा आएगा। छोटे-छोटे गीतों की मजेदार कल्पनाएं बड़ी अनूठी हैं। जैसे- 'भालूजी' कविता में भालू गरम जलेबी खाता है। 'पक्का दोस्त' कविता में टमाटर-मटर में लड़ाई होती है और आलू उनका बचाव करता है। 'बंदर जी' में एडमिशन के बाद बंदर सबसे दोस्ती करता है और अपने टिफिन से दोस्तों को खिलाता भी है। ऐसे ही कविता 'धूप' बहुत ही रोचक है, जिसमें सर्दी के मौसम में मॉल से झोला भर-भर धूप लाने की गजब कल्पना है। 'लेनी पड़ी दवाई' कविता में सूरज दादा को खांसी-जुकाम के कारण दवा खानी पड़ती है।

ऐसे ही कुछ कविताओं में नटखट सवाल और शिकायतें भी हैं। जैसे 'आसमान में तारे' कविता में जिज्ञासा भरा सवाल है कि आसमान के तारे दिन में कहां खो जाते हैं और क्या फिर उनके मम्मी-पापा भी उन्हें खोजने जाते होंगे? 'ठीक नहीं मनमानी' शीर्षक कविता में सूरज से मनमानी करने पर गुस्से भरी रिक्वेस्ट भी है।

संग्रह में 'मेरे दादू', 'रेल', 'गांव', 'बनूंगा सैनिक', 'मम्मी जी', 'तितली रानी', 'फूल', 'बाल ले गया कौआ' जैसे शिशु गीत भी बहुत रोचक-मनोरंजक हैं।

किताब का आकर्षक रंगीन कवर और कविताओं के साथ बने ब्लैक एंड व्हाइट चित्र भी तुम्हें खूब पसंद आएंगे। *


किताब: नन्हे-मुन्ने गीत हमारे (शिशु गीत संग्रह), **रचनाकार:** डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री, **मूल्य:** 199 रुपए, **प्रकाशक:** नमन प्रकाशन, लखनऊ

कहानी

सरस्वती रमेश

2 अक्टूबर को रिमझिम और सरगम को स्कूल नहीं जाना था, पापा ने कहा कि हम गांधी जयंती घर पर मनाएंगे। बच्चे चौंके, घर में कैसे गांधी जयंती मनाएंगे! लेकिन घर पर गांधी जयंती मनाई गई। है तो जरूर यह चौंकाने वाली बात, पर बच्चों ने अपने पापा-मम्मी के साथ घर में गांधी जयंती मनाई, गांधी जी के आदर्शों के अनुरूप।

घर पर गांधी जयंती!



पापा, 2 अक्टूबर को हमारी छुट्टी है। हम कहीं घूमने चलें?' रिमझिम ने उत्साह से पूछा।

'क्यों?' 2 अक्टूबर को तो गांधी जयंती है। तुम्हारे स्कूल में गांधी जयंती नहीं मनाई जाएगी क्या?' पापा ने पूछा।

'वह तो 1 अक्टूबर को ही मना लेंगे। फिर 2 अक्टूबर को तो छुट्टी है!' रिमझिम ने बताया।

'तो ठीक है, 2 अक्टूबर को हम घर पर गांधी जयंती मनाएंगे।' पापा बोले।

'घर पर..! लेकिन गांधी जयंती घर पर कैसे मनाएंगे?' सरगम ने आश्चर्य से पूछा, 'गांधी जयंती पर तो भाषण होते हैं और भी कई कार्यक्रम होते हैं।'

पापा मुस्कुराए, 'गांधी जयंती मनाने के और भी तरीके हैं।'

'क्या..?' दोनों बहनें एक साथ बोलीं।

पापा ने कुछ कहने के लिए मुंह खोला ही था, मम्मी उन्हें देखकर मुस्करा दीं। पापा समझ गए चुप रहना है, सो वह चुप रहे।

अगली सुबह घर में देर तक सन्नाटा रहा। छुट्टी का दिन जो था। पापा, मम्मी, रिमझिम और सरगम देर से उठे। लेकिन उठते ही दोनों बहनों की नजर घर में इधर-उधर पड़ी चीजों पर पड़ी। रसोई में बर्तन फैले थे। झाड़ू ना लगने से घर बहुत गंदा लग रहा था। यह सब देखर दोनों बहनों की नींद गायब ही हो गई।

'ओह! घर की तो हालत ही खराब है!' रिमझिम बोली।

मम्मी ने कहा, 'आज ज्योति आंटी छुट्टी पर हैं। इसलिए हमें अपना काम खुद ही करना होगा।'

'लेकिन हम कैसे करेंगे?' सरगम तुरंत बोली, 'ये तो ज्योति आंटी का काम है।'

मम्मी बोलीं, 'तो क्या आज घर का काम नहीं होगा? सामान इसी तरह बिखरा रहेगा। साफ-सफाई नहीं होगी?'

दोनों बहनें चुप।

'चलो, पहले बर्तन धो लेती हूं। उसके बाद सब मिलकर घर साफ करेंगे।' मम्मी दोनों बेटियों के कंधे पर प्यार से हाथ रखते हुए बोलीं।

'लेकिन मुझे तो बहुत भूख लगी है।' सरगम ने पेट पर हाथ रखते हुए कहा।

'मुझे भी!' रिमझिम बोली।

पापा झट से झाड़ू उठा लाए, बोले, 'भई, मैं तो भूखा नहीं रह सकता। मैं अपना कमरा साफ करता हूं। ताकि तुम्हारी मम्मी खाना बना सकें।'

पापा को झाड़ू लगाते देखकर दोनों बहनें एक-दूसरे का मुंह देखने लगीं। आखिरकार सरगम धीरे से बोली, 'चलो, हम भी सफाई करते हैं।'

दोनों अपने कमरे में पहुंचीं। पहले उन्होंने बिखरे कपड़े समेटे, फिर अलमारी ठीक की। कुछ देर बाद सरगम के हाथ में झाड़ू थी और रिमझिम पोंछा लगाने लगी।

उधर मम्मी रसोई संभाल रही थीं। पापा कपड़े धोने में जुट गए थे। कुछ ही देर में घर में बिखरा सारा सामान व्यवस्थित ढंग से लग गया।

'देखो, मेरा कमरा कितना साफ हो गया!' रिमझिम खुशी से चिल्लाई।

'और देखो, मैंने सारे कपड़े तह करके रख दिए!' सरगम ने अपनी अलमारी दिखाते हुए कहा।

अब दोनों बहनें मम्मी के पास जा पहुंचीं।

'मम्मी, हम आपकी मदद करें?' दोनों ने एक स्वर में पूछा।

मम्मी ने मुस्कुराकर कहा, 'क्यों नहीं!'

दोपहर तक घर चमकने लगा था। सब थक चुके थे, लेकिन आज खाने की मेज पर बैठते ही सबके चेहरों पर अलग ही खुशी थी। 'आज खाना कुछ ज्यादा स्वादिष्ट लग रहा है।' पापा ने कहा।

'क्योंकि आज भूख भी ज्यादा लगी है!' सरगम हंसते हुए बोली।

सब हंस पड़े।

खाने के बाद सबने थोड़ी देर आराम किया। शाम को सभी आंगन में बैठे। रिमझिम ने अचानक पापा से पूछा, 'पापा, आपने कहा था न कि हम घर पर गांधी जयंती मनाएंगे। लेकिन हमने तो न कोई भाषण दिया, न कोई कार्यक्रम किया फिर गांधी जयंती कैसे मनाई?'

पापा ने मम्मी की ओर देखा। वह मुस्कुराते हुए बोलीं, 'आज हमने वही किया, जो गांधीजी हमें सिखाते थे।'

'क्या?' दोनों बहनों ने पूछा।

'अपने काम को छोटा न समझना और अपना काम खुद करना। ज्योति आंटी हमारी सहायता के लिए हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम अपने काम से पूरी तरह मुंह मोड़ लें। गांधीजी किसी काम को छोटा नहीं समझते थे। अपने काम के लिए किसी पर निर्भर भी नहीं रहते थे।' मम्मी बोलीं। 'किसी महान व्यक्ति को याद करने का सबसे अच्छा तरीका केवल उनके बारे में बोलना नहीं, बल्कि उनकी अच्छी सीख को अपने जीवन में उतारना भी है।' पापा ने कहा।

दोनों बहनें चुपचाप एक-दूसरे को देखने लगीं। सरगम बोली, 'मतलब, आज हमने गांधीजी के बारे में सिर्फ बात नहीं की, बल्कि उनकी एक सीख पर अमल भी किया?'

'बिल्कुल!' पापा बोले।

रिमझिम के चेहरे पर मुस्कान आ गई।

'तो पापा, अगले साल गांधी जयंती पर घूमने नहीं जाएंगे?' रिमझिम ने पूछा।

'क्यों?' पापा ने पूछा।

'पहले घर की सफाई करेंगे, फिर घूमने जाएंगे!' मम्मी बोलीं।

इस बात पर सब जोर से हंस पड़े। *

कविता

घमंडीलाल अग्रवाल



दिन दो अक्टूबर का आया!

एक नहीं दो नेताओं की
मीठी-मीठी यादें लाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!
लाठी और लंगोटी वाले
राष्ट्रपिता वह तो थे गांधी,
जो दुनिया भर में ले आए
सत्य-अहिंसा वाली आंधी।
नहीं तोप-बंदूक चलाई
पर भारत आजाद कराया।
दिन दो अक्टूबर का आया!
और दूसरे लाल बहादुर
शान बने भारत महान की,
जिसने बुलवाई जन-जन से
जय जवान की, जय किसान की।
रहे सादगी से जीवन भर
दोनों जन की याद दिलाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!
हम सब काम करें उन जैसे
यह संकल्प आज दोहराएं,
आम आदमी खुश हो जिसमें
सुंदर, स्वस्थ समाज बनाएं!
तभी सार्थक होगा सपना
जो था पहले गया सजाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!

जीके क्विज-225

1. महात्मा गांधी का जन्म कहां हुआ था?
2. महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत किस वर्ष लौटे थे?
3. गांधी जी अपना राजनीतिक गुरु किसे मानते थे?
4. महात्मा गांधी की पत्नी का नाम क्या था?
5. महात्मा गांधी का स्मारक कहां स्थित है?
6. गांधी जी को सबसे पहले 'महात्मा' किसने कहा था?
7. गांधी जी ने गुजरात में कौन-सा आश्रम स्थापित किया था?
8. प्रधानमंत्री के रूप में लाल बहादुर शास्त्री का क्रम क्या था?
9. एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने कौन-सा पदक जीता है?
10. एशियन गेम्स 2026 में मीराबाई चानू ने किस खेल में सिल्वर मेडल जीता है?




बच्चो, जीके क्विज-225 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-224 का उत्तर : 1. अभिषेक शर्मा, 2. अनंत नाग, 3. ओडिशा, 4. एलेना रायबाकिना, 5. चीता, 6. मुंबई, 7. क्लीमेंट एटली, 8. हीरा, 9. हाइड्रोजन, 10. शक संवत

जीके क्विज-224 का सही उत्तर देने वाले : समायरा-रायपुर, षडानन-राजनांदगांव, कबीर-हिसार, ज्योति-राजनांदगांव, हर्ष-रोहतक, कविता-कटनी, दिशा-महासमुंद, सुमन-बलौदा बाजार, कल्पेश-रायपुर, जयंत-बिलसपुर

अंतर बताओ


बच्चो, यहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में सात अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में सात अंतर ढूंढकर बताओ।



उत्तर: 1. गांधी जी की कमर पर पड़ी लंगोटी का रंग अलग है। 2. गांधी जी के जबड़े पर दाढ़ी नहीं है। 3. मेज का रंग अलग है। 4. पीठ पीछे पर बनी डेस्क की आकृति अलग डिजाइन की है। 5. दिए की लौ गायब है। 6. पीछे दिख रही खिड़की का दरवाजा दूसरी तरफ है। 7. पीछे रखे घड़े की मौजूदगी अलग डिजाइन की है।

एक जैसा चित्र खोजो

बच्चो, यहां बाईं तरफ महात्मा गांधी का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। दाईं तरफ उससे मिलते-जुलते 4 चित्र दिए गए हैं। तुम ध्यान से देखकर बताओ कि दिए गए चार चित्रों में से कौन-सा चित्र बाईं तरफ वाले चित्र से हू-ब-हू मिलता है।



उत्तर: D

खबर संक्षेप



केंद्रीय मंत्री ने श्योराण के निधन पर जताया शोक

धारूहेड़ा। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने वीरवार को बीजेपी कार्यकर्ता धर्मपाल श्योराण के निधन पर शोक व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। 42 वर्षीय धर्मपाल श्योराण का 23 सितंबर को हृदयगति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया था। राव इंद्रजीत सिंह ने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि धर्मपाल बीजेपी के कर्मठ कार्यकर्ता थे। जीवन-मरण, यश-अपयश, लाभ-हानि सब विधाता के हाथ में हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी, समाज और परिवार में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। इस अवसर पर हरियाणा पर्यटन निगम के पूर्व अध्यक्ष राव इंद्रपाल, नपा चेयरमैन अजय जांगिड़, उप चेयरमैन अमन राव, नपा पार्षद गण व प्रदीप सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

कोसली क्षेत्र में लाडो लक्ष्मी योजना के 6 हजार आवेदन

कोसली। दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ लेने के लिए योग्य महिलाएं अपने दस्तावेज शीघ्र ग्राम सचिव या बीडीपीओ कार्यालय में जमा करा दें। एसडीएम विजय कुमार यादव ने बताया कि कोसली उपमंडल की करीब 6 हजार महिलाओं ने लाडो लक्ष्मी का लाभ लेने के लिए आवेदन किए हैं। जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए है और जिन महिलाओं की आयु 23 से 60 साल के बीच है, वे इस स्कीम के लिए आवेदन कर सकती हैं। पात्र महिला हरियाणा की स्थाई निवासी होनी चाहिए। किसी महिला के परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रुपए है और उसकी संतान ने सरकारी स्कूल में पढ़ते हुए दसवीं या बारहवीं कक्षा में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं तो वह भी योजना की पात्र मानी जाएगी। एसडीएम ने बताया कि महिला को आवेदन के साथ अपना रिहायशी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर, परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड, परिवार के वाहन की आरसी, पैन कार्ड, बैंक खाता नंबर आदि जमा कराना होगा।

पुलिस ने यात्रियों व रेलकर्मियों को दिए साइबर सुरक्षा के टिप्स

साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने का सबसे प्रभावी माध्यम सतर्कता: रविंद्र

- पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर यात्रियों व रेलकर्मियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। लोगों को साइबर फ्रॉड की जानकारी देते हुए पुलिस। फोटो : हरिभूमि

साइबर अपराधों पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाने तथा आमजन को सतर्क करने के उद्देश्य से पुलिस की ओर से निरंतर साइबर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। वीरवार को साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह की टीम ने रेलवे स्टेशन का दौरा किया और यात्रियों तथा रेलकर्मियों को साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों व उनसे बचाव के उपायों बारे में जागरूक किया। पीएसआई मनोज तथा एचसी हरिओम ने कहा कि आज के आधुनिक व डिजिटल युग में साइबर अपराधी रोजाना ठगी के नए-नए तरीके अपनाकर मासूम लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। थोड़ी सी असावधानी, अनभिज्ञता या लालच के कारण लोग अपनी जीवन भर की गाढ़ी कमाई गंवा बैठते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने का सबसे प्रभावी और आसान माध्यम केवल सतर्कता और जागरूकता ही है।

साइबर अपराध के तरीकों से अवगत कराया: ओटीपी व यूपीआई पिनः अपना ओटीपी, यूपीआई पिन, बैंक खाता संख्या या एटीएम का सीवीवी किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ साझा न करें। पैसा प्राप्त करने के लिए कभी भी यूपीआई पिन दर्ज करने की आवश्यकता नहीं होती।

डिजिटल अरेस्ट व फर्जी पुलिस कॉलः यदि कोई व्यक्ति फोन करके खुद को पुलिस, सीबीआई, कस्टम या किसी सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर डराए या डिजिटल अरेस्ट की धमकी दे, तो घबराएं नहीं। तुरंत फोन काटें और स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

पार्ट-टाइम जॉब व इन्वेस्टमेंट फ्रॉड

टेलीग्राम या व्हाट्सएप पर घर बैठे ज्यादा कमाई या शेयर बाजार में कम समय में पैसा दोगुना करने का लालच देने वाले विज्ञापनों व लिंक्स से दूर रहें।

फर्जी एपीके फाइल व संदिग्ध लिंक

किसी भी अनजान नंबर से आए व्हाट्सएप मैसेज, एसएमएस या ईमेल पर दिए गए लिंक या एपीके फाइल को डाउनलोड न करें। इनसे आपका फोन हैक हो सकता है।

साइबर ठगी होने पर तुरंत करें यह काम

पुलिस टीम ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार की साइबर ठगी का शिकार हो जाता है, तो बिना समय गंवाए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत कॉल दर्ज कराएं या भारत सरकार के वेब पोर्टल साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर अपनी शिकायत दर्ज करें। घटना के तुरंत बाद शिकायत दर्ज कराने से ठगी गई राशि को फ्रीज कराने की संभावना काफी बढ़ जाती है। इसके अलावा नागरिक अपने नजदीकी थाना या साइबर पुलिस स्टेशन में संपर्क कर सकते हैं।



रेवाड़ी। स्कूल में नुक्कड़ नाटक पेश करते हुए टीम

छात्राओं ने दी नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- स्वामी उमा भारती स्कूल में रीजनल सेंटर की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

जिला पुलिस की ओर से वीरवार को स्वामी उमा भारती स्कूल में नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, विशेषकर युवाओं को नशे की बढ़ती प्रवृत्ति से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। इस दौरान रंगकर्मी सतीश मस्तान के निर्देशन में भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय रीजनल सेंटर कृष्णा नगर की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के कारण होने वाले सामाजिक, शारीरिक और मानसिक नुकसान को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया। छात्रा मनीषा, किस्मत, मोनिका, आरती, दीक्षा और मोहिनी ने अलग-अलग भूमिकाएं निभाकर विद्यार्थियों को बताया कि नशे की लत केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नुकसान नहीं पहुंचाती, बल्कि इसका असर पूरे परिवार और समाज पर पड़ता है। नशे के कारण परिवारों में तनाव, आर्थिक परेशानी और सामाजिक समस्याएं बढ़ती हैं। छात्राओं ने विद्यार्थियों से नशे से पूरी तरह दूर रहने और अपनी ऊर्जा को शिक्षा, खेल तथा अन्य सकारात्मक गतिविधियों में लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सिटी थाना एसएचओ इंस्पेक्टर सूबे सिंह ने भी विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और अपने आसपास के लोगों को भी इसके खिलाफ जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में स्कूल के प्रिंसिपल दीवान सिंह, वाइस प्रिंसिपल कमलेश भारती, मोनिका पंडित, पूनम भारद्वाज, अनुज नारंग, महेश गर्ग, मलखान सिंह, कुसुमलता, मोनिका नरूला, मोनिका यादव, यशपाल, संध्या, सुनीता देवी, महिमा, निर्मल यादव, पूनम यादव व आर्य सैनी सहित थाना शहर पुलिस की टीम मौजूद रही।

नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर हिमांशी को किया सम्मानित



रेवाड़ी। छात्रा हिमांशी को सम्मानित करते निदेशक एवं स्टाफ सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कृष्ण नगर स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर की गांव नांगल पठानी निवासी छात्रा हिमांशी को अंगेजी विषय में नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सम्मानित किया गया। निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने कहा कि गांव की बेटी का नेटउत्तीर्ण करना यह सिद्ध करता है कि प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नहीं होती। वरिष्ठ प्राध्यापक डा. अनिल कुमार ने कहा कि ग्रामीण बेटियां भी बड़े सपने देख सकती हैं और उन्हें पूरा भी कर सकती हैं। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डा. रीनू यादव और डा. नीलम यादव ने भी हिमांशी की सराहना की।

प्रियांशु और नरेंद्र ने योजना से मिले सहयोग के उपयोग से व्यवसाय को आगे बढ़ाया

स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का माध्यम बनी प्रधानमंत्री मुद्रा योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना छोटे एवं सूक्ष्म उद्यमियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर व्यवसाय स्थापित करने और आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान कर रही है। जिले की प्रियांशु और नरेंद्र को योजना के माध्यम से मिले सहयोग से व्यवसाय बढ़ाने में संबल मिला है।

योजना के तहत 20 लाख तक का ऋण : जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक नवीन पांडे ने बताया कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के माध्यम से देशभर में छोटे व्यापारियों, सेवा प्रदाताओं और सूक्ष्म उद्यमियों को मुख्यत शिशु, किशोर, तरुण और तरुण प्लस श्रेणियों के अंतर्गत संस्थागत बिना किसी गारंटी के 20 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। योजना का उद्देश्य लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना तथा उनके छोटे व्यवसायों को मजबूत बनाने में सहायता देना है। प्रियांशु और नरेंद्र की बदलाव की कहानी दर्शाती हैं कि वित्तीय सहयोग, मेहनत और उद्यमिता के समन्वय से छोटे व्यवसायों को नई दिशा दी जा सकती है।



मेडिकल स्टोर व्यवसाय से आत्मनिर्भर बनी गांव गुरावड़ा निवासी प्रियांशु

गांव गुरावड़ा निवासी प्रियांशु मेडिकल स्टोर का संचालन कर रही हैं। व्यवसाय को स्थापित करने और आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक वित्तीय सहयोग उन्हें प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के माध्यम से प्राप्त हुआ। इस सहायता से उन्होंने अपने मेडिकल स्टोर के संचालन को मजबूत किया और ग्राहकों को आवश्यक दवाइयां एवं स्वास्थ्य संबंधी उत्पाद उपलब्ध कराने में सक्षम हुईं। प्रियांशु के लिए मुद्रा योजना वित्तीय सहयोग के साथ-साथ स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का माध्यम बनी।



डेयरी व्यवसाय से बढ़ी आत्मनिर्भरता

गांव कंवाली निवासी नरेंद्र दूध डेयरी का व्यवसाय करते हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत प्राप्त वित्तीय सहयोग ने उन्हें अपने डेयरी व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद की। उन्होंने इस सहायता का उपयोग अपने व्यवसाय को पूरा करने और डेयरी गतिविधियों को बेहतर ढंग से संचालित करने में किया। नरेंद्र ने बताया कि समय पर उपलब्ध वित्तीय सहायता ने उनके लिए व्यवसाय को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान किया।

जाट धर्मशाला में छोटूराम डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन 4 को, तैयारियां पूरी

- प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा करेंगे उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। बैठक में मौजूद जाट समाज के प्रतिनिधि।

जाट धर्मशाला में नवनिर्मित दीन बंधु सर छोटूराम डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन 4 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे प्रदेश के शिक्षा मंत्री चौ. महिपाल सिंह ढांडा करेंगे। वीरवार को कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जाट समाज की बैठक आयोजित की गई, जिसमें समिति सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई। जाट समाज के उप प्रधान धनपत सिंह बडेसरा ने बतलया कि लाइब्रेरी का निर्माण समाजसेवी अनिल कुमार सांगवान प्रबंध निदेशक कालूवाला कंस्ट्रक्शन के सहयोग से किया गया है, जिसमें में लगभग 90 विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। लाइब्रेरी पूर्णतया वातानुकूलित, हाई स्पीड वाई फाई और सीसीटीवी कैमरों से सज्जित है और इसमें अध्ययन करने वाले बच्चों के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए गए हैं, जिसके लिए मात्र 200 रुपए वन टाइम रजिस्ट्रेशन फीस रखी गई है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित होने वाले युवाओं और विशेष रूप से हाल ही में एशियाई खेलों में जिले के नाम रोशन करने वाले स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी कमलजीत गांव सुलखा को भी सम्मानित किया जाएगा तथा शिक्ष मंत्री जाट समाज की वार्षिक पत्रिका जागृति के तृतीय संस्करण का विमोचन भी करेंगे।

उपमंडल मुख्यालय में सुविधा का अभाव

ग्रामीणों ने की पांच महीने से बंद आधार सेंटर को शुरू कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

- 5 अक्टूबर से कोसली तहसील में शुरू होगा आधार संबंधी कार्य

कोसली तहसील में पिछले करीब 4-5 महीने से आधार सेंटर का कार्य नहीं होने के कारण क्षेत्र के लोगों को आधार कार्ड से जुड़े कार्यों के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने सरकार व प्रशासन से कोसली में आधार सेंटर को तत्काल पुनः चालू कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि एक तरफ सरकार लोगों को घर-द्वार पर सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर कोसली जैसे उपमंडल मुख्यालय में कई महीनों से आधार सेंटर की सुविधा उपलब्ध नहीं है। आधार कार्ड में नाम सुधार, पता अपडेट, जन्मतिथि में संशोधन सहित अन्य जरूरी कार्यों के लिए लोगों को दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं।एसडीएम विजय कुमार यादव ने बताया कि आधार संबंधी कार्य की व्यवस्था ब्लॉक लेवल पर है। इसलिए आधार केंद्र नाहड़ में चल रहा है, लेकिन कोसली क्षेत्र के लोगों की मांग पर सोमवार 5 अक्टूबर से आधार संबंधी कार्य कोसली तहसील में भी शुरू हो जाएगा।

डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन ने एसई के साथ की कर्मियों के अनेक मुद्दों पर चर्चा

- एसई ने समस्याओं का जल्द समाधान का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। एसई के साथ चर्चा करते हुए एसोसिएशन के सदस्य।

डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन जिला कार्यकारिणी की मीटिंग वीरवार को शक्ति भवन स्थित एसई कार्यालय में हुई। बैठक में डीएचबीवीएन के जेई से संबंधित समस्याओं पर चर्चा हुई। इस मौके पर स्टोर में सामान की कमी, स्टाफ की कमी, पुराने डिफाल्टिंग अमाउंट के ऊपर जेई वर्ग के साथ हो रही गैर जरूरी अनुशासनात्मक कार्रवाई और 24 घंटे ड्यूटी सहित अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर एसई विजयपाल ने सभी समस्याओं का जल्दी ही समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर राज्य उप प्रधान जेई सुनील यादव, रेवाड़ी यूनिट के प्रधान पवन कुमार, ईश्वर सिंह, चरण सिंह, विक्रम सिंह, धीरज यादव, शंकर लाल, शमशेर सिंह, आजाद सिंह व प्रवित राठी मौजूद रहे।

भ्रमण

प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक व पर्यटन स्थलों तथा औद्योगिक इकाइयों का अध्ययन करेंगे विद्यार्थी

शैक्षिक भ्रमण सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक परिस्थितियों में जोड़ने का माध्यम : कुलपति

आईजीयू प्रबंधन विभाग के 48 विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिए मैकलोडगंज व धर्मशाला हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर



रेवाड़ी। शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना होते विद्यार्थी।

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग की ओर से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, व्यावहारिक ज्ञान एवं प्रबंधन संबंधी बारीकियों को समझाने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश के मैकलोडगंज एवं धर्मशाला के लिए चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया है। वीरवार को 48 विद्यार्थियों एवं शिक्षक प्रभारियों का दल विश्वविद्यालय से रवाना हुआ। इस अवसर पर कुलपति प्रो. असीम मिगलानी ने कहा कि केवल किताबी ज्ञान से प्रबंधन की बारीकियों को पूर्ण रूप से नहीं समझा जा सकता। शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए कक्षा के सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक व्यावसायिक परिस्थितियों से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम हैं। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में निर्णय लेने की क्षमता, नेतृत्व गुण, अनुशासन, साहस और आत्मविश्वास का विकास होता है। कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह ने कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक यात्राएं विद्यार्थियों को नए परिवेश, आतिथ्य सत्कार, स्थानीय उद्यमों और व्यावसायिक चुनौतियों को करीब से देखने व सीखने का अमूल्य अवसर प्रदान करती हैं।

प्रबंधन विभाग की अध्यक्ष प्रो. रितु बजाज ने कहा कि यह भ्रमण विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष अनुभव देने के साथ-साथ उनमें टीम भावना, सामाजिक जिम्मेदारी और व्यावहारिक निर्णय क्षमता को विकसित करने में मील का पत्थर साबित होगा।

उत्पादन और वित्तीय प्रबंधन की लेंगे जानकारी

वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय की अधिष्ठाता प्रो. अदिति शर्मा ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में पर्यटन, आतिथ्य सत्कार और स्थानीय व्यवसायों का अध्ययन प्रबंधन के विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से फलदायी है। यात्रा के फैकल्टी इंचार्ज डा. सुशांत यादव ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थी त्रियुंड ट्रेक, भागसूनाग मंदिर व जलप्रपात, दलाई लामा मंदिर, धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम एवं बगलामुखी मंदिर जैसे प्रमुख स्थलों का दौरा करेंगे। इसके साथ ही, विद्यार्थी स्थानीय औद्योगिक इकाइयों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का भ्रमण कर उत्पादन, विपणन, मानव संसाधन, वित्तीय प्रबंधन से जुड़ी जानकारी हासिल करेंगे। भ्रमण में प्रबंधन विभाग के सहायक प्रोफेसर डा. जसविंदर सिंह एवं वाणिज्य विभाग की सहायक प्रोफेसर डा. प्रियंका रंगा रवाना हुए।

सूचना

मैं, ओमप्रकाश पुत्र भोला राम निवासी सादतनगर तह. कोसली जिला रेवाड़ी हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा विवाहित पुत्र ललित कुमार मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। मैं अपने पुत्र ललित कुमार को अपनी तमाम चल व अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरा या मेरे परिवार का उससे कोई संबंध नहीं रहेगा। यदि वह किसी व्यक्ति के साथ कोई लेन देन अथवा व्यवहार करता है तो स्वंय जिम्मेदार होगा।

ग्राम पंचायत साल्हावास
खण्ड धारूहेड़ा, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)-123401

नीलामी सूचना

सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत साल्हावास खण्ड, धारूहेड़ा में दिनांक 9.10.2026 को प्रातः 11 बजे मौके पर जोहड़ में जाल (सफाई) के लिए मत्स्य की नीलामी मौके पर की जाएगी। बोली की शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत साल्हावास
खण्ड धारूहेड़ा (रेवाड़ी)

ड्यूटी मजिस्ट्रेट की देखरेख में पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया गया

अवैध मैरिज पैलेस पर चला पीला पंजा ढाई एकड़ का निर्माण किया जमींदोज



रेवाड़ी। गांव सुलखा में अवैध निर्माण तोड़ते हुए जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

विभाग की इस कार्रवाई से अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों में हड़कंप मच गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला नगर योजनाकार विभाग की ओर से अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के बावजूद प्रॉपर्टी डीलर व कोलोनाइजर अवैध कॉलोनियों विकसित करने में लगे हुए है। वीरवार को डीटीपी विभाग ने अवैध कॉलोनियां विकसित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तोड़फोड़ की कार्रवाई की। विभाग की टीम ने करीब ढाई एकड़ भूमि पर विकसित हो रहे अवैध मैरिज पैलेस का ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा और जिला प्रशासन की ओर से नियुक्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट की देखरेख में पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

यहां की तोड़फोड़ की कार्रवाई

डीटीपी की टीम की ओर से राजस्व संपदा गांव सुलखा में करीब 2.5 एकड़ भूमि पर बिना अनुमति विकसित की किए जा रहे मैरिज पैलेस को तोड़ा गया। टीम ने अवैध रूप से किए गए निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। विभाग की इस कार्रवाई से अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों में हड़कंप मच गया। पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई का विरोध नहीं हुआ।

प्लॉट खरीदने से पहले जांच लें कॉलोनी की वैधता



जिला नगर योजनाकार नरेन्द्र नैन ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्र में कोई भी अवैध निर्माण न करें और प्लॉट खरीदने से पहले संबंधित कॉलोनी की वैधता की जानकारी जिला नगर योजनाकार कार्यालय से जरूर लें। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने के बाद विभागीय कार्रवाई होने पर लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि कुछ प्रॉपर्टी डीलर कृषि भूमि पर कॉलोनी काटकर लोगों को प्लॉट बेच देते हैं और खरीदारों को जमीन की वैधता के संबंध में पूरी जानकारी नहीं होती। बाद में अवैध निर्माण शुरू होने पर विभाग की ओर से कार्रवाई की जाती है। ऐसे में लोगों को प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता की जानकारी जरूर लेनी चाहिए।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में बाल विवाह के खिलाफ दिलाई शपथ

- ग्रामीण महिलाओं से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी वर्करों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

गांव गोलियाकी में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आंगन मिलन सेवा के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और ग्रामीणों को महिला एवं बाल कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को उनके कार्यों के लिए सम्मानित भी किया गया। विभाग की सुपरवाइजर योगेश कुमारी ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा तथा सुरक्षा को लेकर जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने तथा अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अध्यापिका रेखा रानी, स्वास्थ्य विभाग से एएनएम सीमा, आशा वर्कर्स, महिला सरपंच मंजू, महिला पंच प्रीति व मीनाक्षी सहित ग्रामीण महिलाएं मौजूद रहीं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजू और सरती देवी तथा सहायिका सीमा व मिंटू ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई। महिलाओं एवं लोगों ने बाल विवाह का विरोध करने, बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

गोल्ड मेडलिस्ट कमलजीत का अभिनंदन आज केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह देंगे आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एशियन गेम्स में शूटिंग में स्वर्ण पदक हासिल करने वाले सुलखा निवासी कमलजीत का 2 अक्टूबर को उनके गांव में भव्य अभिनंदन किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह गांव के होनहार सपूत को आशीर्वाद देने के लिए आएंगे। उनके साथ भिवानी-महेंद्रगढ़ के सांसद चौ. धर्मबीर सिंह भी मौजूद रहेंगे। कमलजीत के कोच शक्ति पाल ने बताया कि इस होनहार खिलाड़ी की उपलब्धि को लेकर न सिर्फ गांव सुलखा, बल्कि आसपास के गांवों में लोगों में भी खुशी का माहौल है। गांव की ओर से कमलजीत का भव्य अभिनंदन किया जाएगा। कमलजीत के साथ गांव में विजय जुलूस निकाला जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण हिस्सा लेंगे।



विद्यार्थियों को दी एआई के वर्तमान और भविष्य में बढ़ते उपयोग की जानकारी

रेवाड़ी। वीरवार को सोमाणी कॉलेज में कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान एवं कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सॉफ्टवेयर इंजीनियर एवं इंडस्ट्री एक्सपर्ट साहिल ढिल्लों ने शिरकत की और विद्यार्थियों को एआई के वर्तमान और भविष्य में बढ़ते उपयोग के बारे में जानकारी दी। साहिल ढिल्लों ने कहा कि आज के समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग शिक्षा, उद्योग, सॉफ्टवेयर, स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहा है। विद्यार्थियों को एआई तकनीक को समझना और उसके साथ काम करने का कौशल विकसित करना आने वाले समय में अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने जनरेटिव एआई और अन्य आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी साझा की तथा विद्यार्थियों को एआई के व्यावहारिक उपयोग के उदाहरण बताए। उन्होंने कहा कि तकनीक का सही एवं जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग नए अवसर पैदा कर सकता है। इस अवसर पर डॉ. नविता, डॉ. आरती, प्रो. राहुल, प्रो. प्रीति, प्रो. वैशाली व प्रो रमेश सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पुलिस कर्मियों ने 25 यूनिट रक्त डोनेट कर दिया मानवता का संदेश

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय लघु सचिवालय में वीरवार को ललिता मैमोरियल अस्पताल नजदीक के सहयोग से रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया। अस्पताल से डा. घनश्याम मित्तल व फॉर्मासिस्ट हरिपाल की टीम ने सहयोग दिया। शिविर में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। शिविर के दौरान 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानवीय दान है, क्योंकि इससे असंख्य जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है। इस मौके पर हेड क्लर्क निरीक्षक सुनीता, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

ब्रास मार्केट में 11 को चलाया जाएगा जिला स्तरीय स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



सेवा संकल्प अभियान के तहत 11 अक्टूबर को हरियाणा के सभी जिलों में एक साथ स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिला रेवाड़ी में भी व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिले में यह अभियान ब्रास मार्केट में चलाया जाएगा, जिसमें युवा, विद्यार्थी, सफाई कर्मी, सफाई मित्र सहित आमजन बढ़-चढ़कर भागीदारी करेंगे। स्वच्छता अभियान की तैयारियों को लेकर वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में डीएमसी प्रदीप अहलावत ने अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को अभियान को प्रभावी ढंग से आयोजित करने तथा अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वच्छता केवल किसी एक विभाग या व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अभियान के दौरान स्वच्छता के साथ-साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए भी प्रभावी गतिविधियां आयोजित की जाएं। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि स्वच्छता अभियान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ रेवाड़ी के निर्माण में अपना योगदान दें। बैठक में एसडीएम दलबीर सिंह, सीटीएम जितेंद्र कुमार, डीडीपीओ नरेंद्र सारवान व डा. भंवर सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



एसडीएम ने फसल खरीद की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

कोसली। कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे ई- खरीद फार्मर पोर्टल पर वेरिफिकेशन होने के बाद ही फसल को मंडी में लेकर आएं। बाजरे की सरकारी खरीद शुरू होने के बाद एसडीएम ने वीरवार को कोसली अनाज मंडी में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उनके साथ मार्केट कमेटी के चेयरमैन महेश यादव व सचिव विकास कुमार भी मौजूद रहे। एसडीएम ने कुछ किसानों से बातचीत की। किसानों ने बताया कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण के बाद भी मंडी का गेट पास नहीं काटा गया है। एसडीएम ने बताया कि गेट पास तभी कटेगा, जब ई-खरीद पोर्टल पर उनके विवरण का सत्यापन हो चुका होगा। उन्होंने कहा कि किसान अपनी बाजरा की फसल को साफ करके तथा सूखा कर लाएं। ई-खरीद पोर्टल पर वेरिफिकेशन होने के बाद किसान अपना बाजरा मंडी में ला सकते हैं। एसडीएम ने मंडी सचिव को निर्देश दिए कि फसल खरीद के दौरान किसानों के विश्राम के लिए मंडी में उचित प्रबंध होना चाहिए।



समाधान शिविर में पहुंची तीन गांवों में अवैध कब्जे हटाने की शिकायत

रेवाड़ी। लघु सचिवालय सभागार में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में सीटीएम जितेंद्र कुमार ने आमजन की समस्याएं सुनीं। उन्होंने शिकायतों की सुनवाई करते हुए सभी विभागाध्यक्षों को जन शिकायतों का तत्परता से निवारण करने के निर्देश दिए। शिविर में गांव लिसाना में आंगनबाड़ी के आसपास फैली गंदगी की सफाई करने और पंचायती भूमि पर अवैध कब्जे हटाने, निजी स्कूल की ओर से बच्चों की टीसी न दिए जाने, गांव नंदरामपुर बांस में अवैध कब्जे हटाने तथा गांव आसियाकी गौरावास में जोहड़ व रास्ते पर अवैध कब्जे की शिकायत रखी गई, जिन पर सीटीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का समाधान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा शिविर में परिवार पहचान पत्र, पेंशन, राशन कार्ड, बिजली आपूर्ति और राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतें आई, जिनका सीटीएम ने मौके पर ही अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीडीपीओ नरेन्द्र सारवान सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

आईजीयू के राजन राजपूत ने यूजीसी-नेट जेआरएफ में हासिल की 99.47 पर्सेंटाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के एमए के छात्र राजन राजपूत ने यूजीसी-नेट जेआरएफ परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 99.47 पर्सेंटाइल प्राप्त कर विश्वविद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कुलपति प्रो. असीम मिगलानी एवं कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह ने राजन राजपूत को सफलता पर बधाई दीं। कुलपति ने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां न केवल विश्वविद्यालय के शैक्षणिक मानक को ऊंचा उठाती हैं, अन्य विद्यार्थियों को भी उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करती हैं। कुलसचिव ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को हर संभव साधन और उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। राजन की इस उपलब्धि पर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सतीश कुमार, डा. देवेंद्र सिंह, डा. रितु कुमारी एवं प्रो. विकास बतरा ने भी बधाई दी। विभागाध्यक्ष प्रो. सतीश कुमार ने कहा कि राजन की उपलब्धि पूरे विभाग के लिए अत्यंत गर्व का विषय है और इससे अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।



रेवाड़ी। राजन राजपूत शिक्षकों व साथियों के साथ। फोटो : हरिभूमि



स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए युवाओं का नशा मुक्त रहना बेहद जरूरी: सिंह

बावल। ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल दुल्हेड़ा खुर्द में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों, सड़क सुरक्षा नियमों तथा साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बावल थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रणबीर सिंह टीम के साथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस मौके पर बावल थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों से नशे से पूरी तरह दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए युवाओं का नशा मुक्त रहना बेहद जरूरी है।

उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड से बचाव के महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

आंगन मिलन सेवा में हुई विभिन्न गतिविधियां माताओं को दी पौष्टिक आहार की जानकारी

- माताओं को पौष्टिक आहार सहित स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं व बच्चे। फोटो : हरिभूमि

जिला प्रशासन की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में विभिन्न जनकल्याणकारी एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वीरवार को जाटूसाना ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। वहीं माताओं को पौष्टिक आहार सहित स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई।

महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों को पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके प्रारंभिक विकास और शिक्षा पर भी ध्यान दिया जा रहा है। आंगन मिलन सेवा के माध्यम से माताओं और समुदाय को इन गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए खेल, कहानी, कविता, चित्रकारी, रंग भरने सहित विभिन्न गतिविधियां कराई गई। वहीं माताओं और अभिभावकों को बच्चों के संतुलित आहार, स्वास्थ्य, स्वच्छता, टीकाकरण तथा प्रारंभिक शिक्षा एवं देखभाल के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर सैकड़ों महिलाएं व बच्चे मौजूद थे।

जोधपुर-दिल्ली मंडोर एक्सप्रेस में बढ़ाए वातानुकुलित श्रेणी के दो डिब्बे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेलवे की ओर से अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए जोधपुर-दिल्ली-जोधपुर मंडोर एक्सप्रेस रेलसेवा में वातानुकुलित श्रेणी के 2 डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि गाड़ी संख्या 22491/22492 जोधपुर-दिल्ली-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक एवं दिल्ली से 4 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक 1 सैकेंड एसी व 1 थर्ड एसी इकोनोमी श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 8295554800

एसडीएम ने रेलवे स्टेशन के आसपास से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए

पटवारी व कर्मचारी आम जनता की शिकायतों का समय सीमा में निपटारा करें: एसडीएम

- पटवारी रोजाना अपनी सीट पर बैठना सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली



रेवाड़ी। शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते हुए एसडीएम विजय कुमार यादव। फोटो : हरिभूमि

कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि राजस्व विभाग के पटवारी एवं कर्मचारी आम जनता की शिकायतों का समय सीमा में निपटारा करें। पटवारी रोजाना अपनी सीट पर बैठना सुनिश्चित करें। एसडीएम वीरवार को समाधान शिविर में आम जनता की शिकायतें सुन रहे थे, जिनमें सबसे अधिक शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थीं। इस अवसर पर लोगों ने अवैध कब्जा हटवाने, बिजली का पोल लगवाने, दूषित जलभराव, इंतकाल ना होने जैसी शिकायतें की। एसडीएम ने शिकायतों पर विभागीय अधिकारियों से तत्परता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बीडीपीओ को रेलवे स्टेशन के आसपास से अतिक्रमण एवं निजी वाहनों को हटवाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएसपी विद्यानंद, बीडीपीओ अनिल कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कास्वां, एसडीओ रोहित, जेई गुलशन, कपिल यादव, कुलभूषण, राजस्व कर्मचारी संजीव कुमार व संदीप मौजूद रहे।



राष्ट्रीय आंदोलन में महात्मा गांधी के योगदान पर निबंध में किरण बनी विजेता

रेवाड़ी। सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में वीरवार को इतिहास विभाग की ओर से राष्ट्रीय आंदोलन में महात्मा गांधी के योगदान विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं की 35 छात्राओं ने भाग लिया। कॉलेज की प्राचार्या डा. ज्योति यादव ने छात्राओं को ऐसी शैक्षणिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा किरण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि खुशी बीए तृतीय वर्ष ने द्वितीय तथा महक बीए तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में इतिहास विभागाध्यक्ष राजकुमार सहित डा. क्षिप्रा शर्मा, डा. ज्योति रानी व अनिता उपस्थित रहे।

आज दो घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

कोसली। कोसली विद्युत सब स्टेशन के मरम्मत कार्य के लिए सब स्टेशन से जुड़े सभी बिजली फीडरों पर 2 अक्टूबर को दो घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कोसली बिजली निगम के एसडीओ सुमित कुमार ने बताया कि मरम्मत कार्य सुबह 10:30 बजे से 12:30 बजे तक किया जाएगा।